जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2014/295 दिनांक 07.04.2014

प्रति,

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः–स्नातक षष्ठम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा मई/जून 2014 के प्रोजेक्ट/ईटर्नशिप कार्य के मूल्यांकन बावत् निर्देश।

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि सभी महाविद्यालयों एवं अध्ययनशालाओं में विज्ञान संकाय/कला संकाय के अंतर्गत विभिन्न विषयों में बाह्य परीक्षक प्रायोगिक कार्य हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर नियुक्त कर उनकी जानकारी महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं को उपलब्ध कराई गयी है।

इस तारतम्य में लेख है कि आप अपने महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला में उन विषयों में प्रोजेक्ट कार्यो का मूल्यांकन उक्त नियुक्त बाह्य परीक्षकों से कराकर उनके अंक विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। जैसे रसायन शास्त्र में नियुक्त बाह्य परीक्षक के द्वारा रसायन शास्त्र विषय के प्रोजेक्ट कार्य का मूल्यांकन कराया जावे।

कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय में जिन विषयों में प्रायोगिक हेतु बाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त नहीं किये जाते हैं उनके प्रोजेक्ट कार्ये के मूल्याकन हेतु आप अग्रणी महाविद्यालय/उत्कृष्ट महाविद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क स्थापित कर प्रोजेक्ट कार्य के मूल्यांकन हेतु बाह्य परीक्षक की नियुक्ति करायें। इस कार्य हेतु पूर्व में अग्रणी महाविद्यालय/उत्कृष्ट महाविद्यालय के प्राचार्य से अनुरोध किया गया है।

शासन के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट/इंटरर्नशिप कार्य को एक प्रश्न–पत्र की तरह मान्य कर उसके लिए कुल पूर्णांक 100 अंक निर्धारित किये गये है।

आपसे अनुरोध है कि निर्धारित सीमा में प्रोजेक्ट कार्य के मूल्याकन को सम्पादित कर प्रोजेक्ट मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर ऑनलाईन अपडेट कर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहायोग प्रदान करेगें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपिः–</u>

1. संपादक महोदय, ... की ओर इस निवेदन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचारपत्र में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष, शासकीय श्यामलाल पांडवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार एवं शा0 स्नातक महाविद्यालय मेहगाँव जिला भिण्ड की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कन्ट्रोल रूम, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)